जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1098 दिनांक : 25/05/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर एवं श्योपुर

विषयः– स्नातक–द्वितीय सेमेस्टर बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होमसाइंस) परीक्षा जून 2012 के सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन हेतु जिले में संचालित परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ते के गठन के बावत्।

महोदय/महोदया,

संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि स्नातक–द्वितीय सेमेस्टर बी.ए./बी.कॉम./ बी.एससी/बी.एससी. (होमसाइंस) द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएँ 26 मई, 2012 से प्रारंभ हो रही हैं। आप अपने जिले में संचालित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संचालन पर नियंत्रण एवं नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु अधिकतम पाँच सदस्यीय स्थायी शिक्षक/क्रीड़ाधिकारी के उड़नदस्ता दल का गठन करें, जो प्रतिदिन संपन्न होने वाले परीक्षाओं पर लगातार निगरानी बनाये रखें। इस हेतु नियमानुसार वाहन कराये पर लेने के लिये भी अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही नियमानुसार सदस्यों को मानदेय का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया जावेगा।

कृपया आप उड़दस्ता दल गठित कर कार्य की प्रगति से सतत् अवगत कराकर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें। साथ ही उड़नदस्तों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों को प्रतिदिन विश्वविद्यालय की E-Mail - jiwajiuniversity@yahoo.com पर एवं फैक्स क्रमांक 0751–2442787 पर प्रेषित करें।

भ व दी य,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर एवं चम्बल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर।
3. जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक, जिला मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया एवं श्योपुर।
4. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कंट्रोल रूम प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहायक–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)